भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 291

21 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

असम में एम्स-जैसे संस्थान की स्थापना

291 श्री जोगेन मोहन:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार असम में नए एम्स-जैसे संस्थानों अथवा चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना का प्रस्ताव रखती है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) कार्यान्वयनाधीन परियोजनाओं की संख्या कितनी है; और
(घ) इनके पूरा होने की संभावित तिथि क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत अब तक देश के विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में असम के गुवाहाटी में एक कार्यशील एम्स सहित 22 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) की स्थापना को अनुमोदित किया गया है। इसके अतिरिक्त, असम में विशिष्ट स्वास्थ्य सुविधाकेंद्रों के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन के लिए, पीएमएसएसवाई के अन्य घटक के तहत, केन्द्र-राज्य लागत साझेदारी के आधार पर सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉकों के निर्माण के माध्यम से दो सरकारी मेडिकल कॉलेजों के उन्नयन को स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिनका कार्य पूर्ण हो चुका है। इनमें शामिल हैं: (i) गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज, गुवाहाटी और (ii) असम मेडिकल कॉलेज, डिब्रूगढ़। पीएमएसएसवाई के तहत असम में एक और एम्स स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से संबद्ध नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) के अंतर्गत असम राज्य के धुबरी, नागांव, उत्तर लखीपुर, दीफू और कोकराझार में पाँच कॉलेजों को अनुमोदित किया गया है और ये कॉलेज कार्यशील हैं।

*****